बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-244
11/06/2022

पूर्णिया में हुयी दुर्घटना में 9 व्यक्तियों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- **प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश**

पटना, 11 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया जिले के कांजिया गांव के पास एक स्कॉर्पियो के तालाब में गिरने से हुयी दुर्घटना में 9 व्यक्तियों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग को दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

****